मूल्य 1 रु.
वर्ष: 14 - अंक : 348, मुंबई, सोमवार, 7 अप्रैल, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

आखिर सच्चाई की हुई जीत

अभिनेता एजाज खान की पत्नी फॉलन गुलीवाला को मिली

जमानत

झूठे ड्रग्स केस में फंसाया गया था

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। बिग बॉस फेम और एक्टर एजाज खान की पत्नी फॉलन गुलीवाला को एक झूठे मामले में फंसाए जाने के बाद जमानत मिल गई है। कस्टम विभाग ने एजाज खान की पत्नी फॉलन गुलीवाला को ड्रग्स मामले में कथित तौर पर हिरासत में लिया था। इस छापेमारी में शामिल पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर एजाज खान के घर का सीसीटीवी बंद कर दिया गया था और जांच भी सही तरीके से नहीं की गई थी। यहां तक कि अधिकारियों ने छापेमारी की वीडियोग्राफी या तस्वीरें भी नहीं लीं थी।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

एक्टर एजाज खान ने हमेशा मुसलमानों के हक के लिए आवाज उठाया है, कुछ लोगों ने एजाज खान को दबाने का काम किया है, उन्हें परेशान करने का काम किया, यहां तक की एजाज खान के कैरियर को रोकने का काम किया, लेकिन कहते हैं न जब आप सच्चाई के साथ खड़े हो तो आपको कोई हरा नहीं सकता है... सच्चाई कुछ समय के लिए दब सकती है, लेकिन छुपाई नहीं जा सकती, सच्चाई एक न एक दिन लोगों के सामने आ ही जाती है...

बिग बॉस फेम और एक्टर एजाज खान के बाद उनके पूरे परिवार को भी निशाना बनाया जा रहा है। जबकि एजाज खान हमेशा सच का साथ दिया है। क्या सच बोलना गुनाह है? या फिर किसी दबाव में एजाज खान की पत्नी फॉलन गुलीवाला को फंसाया गया?

चुनाव लड़ेंगे संजय राउत!

16 अप्रैल को ताकत दिखाएगी शिवसेना यूबीटी, बोले- अब सावधान होने का समय आ गया

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने शिवसेना कार्यालय में शिवसैनिकों को संबोधित किया। इस दौरान संजय राउत ने शिवसैनिकों को संबोधित करते हुए कहा पिछले तीन-चार महीनों से शिवसेना को लेकर अफवाहें फैल रही हैं। केवल यही अफवाह उड़ी है कि उद्धव ठाकरे और संजय राउत भी चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसी खबरों के बावजूद नासिक में शिवसैनिक मौके पर डटे हुए हैं। वह संघर्ष कर रहा है और कष्ट भोग रहा है। बालासाहब ने भी ऐसे हालात देखे हैं। इसलिए, बिना किसी चर्चा के शिवसेना नेताओं ने सभी से अपील की है कि वे पार्टी को मजबूत करने के लिए 16 अप्रैल को होने वाली रैली में अपनी ताकत दिखाएं। ऐसे विचार संजय राउत ने व्यक्त किए। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे 16 अप्रैल को नासिक आएंगे और शिवसैनिकों से बातचीत करेंगे। (शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

हमारी बात

ट्रंप के मारक टैरिफ

ट्रंप के एलान से दुनिया में व्यापार युद्ध एक नए मुकाम पर पहुंच गया है। उचित ही यह कहा गया है कि ताजा कदम के साथ अमेरिका ने पहले से ही पलट रहे भूमंडलीकरण की समाप्ति की अंतिम घोषणा कर दी है।

भारत राहत महसूस कर सकता है कि डॉनल्ड ट्रंप ने अपने टैरिफ की मार से औषधि उद्योग को फिलहाल बाहर रखा है। संभवतः अपने देश में दवाओं की महंगाई से लोगों की नाराजगी वे मोल नहीं लेना चाहते थे। मगर बाकी क्षेत्रों में उन्होंने भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। दुनिया के बाकी देशों की तरह उन्होंने भारत के मामले में भी यह मनमाना आकलन किया कि अमेरिकी उत्पादों पर भारत में औसतन 52 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है। उनके प्रशासन ने यह निष्कर्ष गैर-टैरिफ एवं अन्य व्यापार बाधाओं से अमेरिका को अनुमानित नुकसान का आकलन करते हुए निकाला है। जाहिर है, ट्रंप प्रशासन ने बात सिर्फ टैरिफ तक नहीं रहने दी है। वरना, भारत में अमेरिकी उत्पादों पर औसत टैरिफ तकरीबन 17.5 प्रतिशत है। सबसे ज्यादा लगभग 39 प्रतिशत आयात शुल्क कृषि उत्पादों पर लगता है, जबकि कई वस्तुओं पर टैरिफ बेहद कम है। मगर ये तथ्य ट्रंप प्रशासन के लिए अप्रासंगिक रहा। बहरहाल, बहुप्रचारित मेक अमेरिका वेल्थी (धनी) अगेन इवेंट में ट्रंप ने जो एलान किए, उससे दुनिया में व्यापार युद्ध एक नए मुकाम पर पहुंच गया है। उचित ही यह कहा गया है कि ताजा कदम के साथ अमेरिका ने पहले से ही पलट रहे भूमंडलीकरण की समाप्ति की अंतिम घोषणा कर दी है। यह तय है कि ट्रंप के टैरिफ का विभिन्न देश अपने- अपने ढंग से जवाब देंगे। परिणामस्वरूप विश्व व्यापार में गिरावट आना तय है। इसका असर विभिन्न देशों के उद्योग-धंधों पर पड़ेगा। नतीजतन, वहां आमदनी, उपभोग एवं मांग में गिरावट आएगी। यूबीएस (स्विस बैंक) के आकलन के मुताबिक ये टैरिफ जारी रहे, तो अमेरिका में मुद्रास्फीति दर में पांच प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होगी। चीन, यूरोपियन यूनियन आदि जैसे मजबूत अर्थव्यवस्थाओं की जवाबी कार्रवाइयों का असर अलग है। तो कुल मिला कर ट्रंप ने दुनिया को अवनति की दिशा में धकेल दिया है। मगर इससे अमेरिका का भी कोई भला नहीं होगा। आखिर आर्थिक नियमों का उल्लंघन कर कोई टिकाऊ लाभ हासिल नहीं किया जा सकता। नियम यह है कि टैरिफ एक दोधारी तलवार है, जिसकी मार से दोनों तरफ खून बहता है।

रामनवमी जुलूस के दौरान डीजे बंद कराने पर कानपुर में हंगामा, पुलिस से माफी की मांग

मुंबई हलचल/ संवाददाता

कानपुर। यहां रामनवमी जुलूस से पहले संवेदनशील रावतपुर की मसवानपुर में डीजे बंद कराए जाने को लेकर माहौल तनावपूर्ण हो गया। इस मुद्दे को लेकर भाजपाइयों ने जमकर हंगामा भी किया और रामनवमी का जुलूस निकालने के लिए पुलिस से माफी मांगने की शर्त भी रखी। यहां रावतपुर थाना क्षेत्र के मसवानपुर में रामनवमी की तैयारियों के दौरान पुलिस द्वारा लाउडस्पीकर जब्त किए जाने पर हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया। जिसके भी रोड में रामलला मंदिर रोड पर सैकड़ों लोग जमा होकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे और सड़क जाम कर दी। जानकारी के मुताबिक, रामनवमी को लेकर श्रद्धालुओं ने जगह-जगह टेंट और लाउड स्पीकर लगाए थे। इस बीच डीसीपी वेस्ट रावतपुर गांव पहुंच डीजे सिस्टम बंद

कराने के निर्देश दिए, जिसपर पुलिस ने करीब 10 साउंड सिस्टम जब्त कर अपनी गाड़ी में लदवा दिए। इस पर पूर्व पार्षद और रामलीला कमेटी के संयोजक रामऔतार प्रजापति ने लाउडस्पीकर न ले जाने का निवेदन किया लेकिन डीसीपी नहीं मानी। वह पहले भी डीसीपी शारदा नगर से आठ और रोशन नगर से छह लाउडस्पीकर जब्त कर चुकी थीं। इस बीच जब यह खबर हिंदू संगठनों तक पहुंची तो बड़ी संख्या में लोग रावतपुर गांव पहुंच गए। देखते ही देखते सैकड़ों की भीड़ हजारों में बदल गई और विरोध-प्रदर्शन ने उग्र रूप ले लिया और लोगों ने एलान किया कि जब तक पुलिस पर कार्रवाई नहीं होती, रामनवमी का जुलूस नहीं निकाला जाएगा। बाद में स्थिति को शांत करने के लिए बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। वहीं, एडिशनल पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर ने कहा कि रामनवमी के आयोजकों को कई दिन पहले ही साउंड सिस्टम के संबंध में हाईकोर्ट के निर्देशों की जानकारी दे दी गई थी। इसके बाद भी डीजे बजाया जा रहा था।

वक्फ बचाओ : संविधान बचाओ, एकता संगठन ने की मौलाना उमरैन से मुलाकात

मुंबई हलचल/संवाददाता

रावेर। वक्फ बिल को राष्ट्रपति ने मंजूरी देने के बाद एकता संगठन जलगांव के मुफ्ती खालिद, फारुख शेख, मौलाना रहीम पटेल, अनीस शाह और ताहेर शेख इन्होंने ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सेक्रेटरी मौलाना उमरेन महेफूज रहमानी से जाकर मुलाकात की और उनसे वक्फ बचाव संविधान बचाव के तहत ५५ मिनट गुफ्तगू की।

इंशाल्लाह जलगांव शहर और जिले में एकता संगठन सभी सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक संगठनों को साथ

लेकर वक्फ बचाव संविधान बचाव के तहत मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के दिए हुए हिदायत के तहत काम करेंगा और इसकी शुरूआत बहुत जल्द जलगांव में जेल भरो आंदोलन से की जाएगी।

धैर्य संयम रखते हुए लोकशाही मार्ग से विरोध जारी रहेगा : एकता संगठन

मौलाना उमरेन के साथ हुई बातचीत में एकता संगठन ने मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की हिदायतों के साथ जाए धैर्य और संयम रखते हुए हैं वक्फ संशोधन कानून (उम्मीद) का लोकशाही मार्ग से विरोध करेंगे ऐसा एकता संगठन की ओरसे मुफ्ती खालिद, मौलाना रहीम पटेल, फारूक शेख, अनीस शाह, मौलाना तौसीफ शाह, मजहर खान, अनवर खान, मतीन पटेल, कासिम उमर, इमरान शेख, सईद शेख, सलीम इनामदार, युसुफ खान,ने प्रेस नोट जारी करके कहा है।

बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर प्रतिमा स्थल नगर भवन मधुबनी के समक्ष अंतरराष्ट्रीय दुसाध महासंघ सह अखिल भारतीय दुसाध कल्याण परिषद मधुबनी की आवश्यक बैठक हुई

मधुबनी। बाबा साहेब प्रतिमा स्थल न्याय मंडप नगर भवन मधुबनी के समक्ष अंतर राष्ट्रीय दुसाध महासंघ सह अखिल भारतीय दुसाध कल्याण परिषद मधुबनी की आवश्यक बैठक बलराम पासवान जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता और राजीव कुमार पासवान जिला महासचिव के सफल संचालन में आयोजित किया गया, बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि परिषद की मजबूती के लिए जिले के सभी प्रखंडों के कल्याण परिषद का गठन किया जाय, जिस प्रखंड में गठन हो गया है वहां अधिक से अधिक साथियों को जोड़ा जाय, बैठक को संबोधित करते हुए अंतर राष्ट्रीय महासचिव विनय कुमार विक्रांत ने कहा कि आगामी 4 मई 2025 रविवार को पटना के रविंद्र

भवन में आयोजित दुसाध चेतना सम्मेलन में जिले से अधिक से अधिक साथियों की भागेदारी सुनिश्चित हो इस दिशा में सार्थक प्रयास एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता पर बल दिए जिला अध्यक्ष बलराम पासवान ने कहा कि वर्तमान स्थिति में जिले और राज्य में पासवान समाज के प्रबुद्ध व्यक्ति को साजिशन हत्या किया जा रहा है इस घटना की तीव्र निंदा करते हुए दोषी पर कठोर करवाई करने की मांग किए, राजीव कुमार पासवान जिला महासचिव ने जिले में पासवान समाज पर हो रहे अत्याचार, शोषण, हत्या, बलात्कार की रहे घटना को निंदा करते हुए जिला प्रशासन से रोक थाम का अनुरोध किया, प्रखंड अध्यक्ष बिस्फी निरंजन पासवान पूर्व मुखिया ने कहा कि कल्याण परिषद की मजबूती के लिए सभी को एकजुट ता से काम करने की जरूरत पर बल दिए बैठक में उपाध्यक्ष कपिल कुमार, सचिव राजेश पासवान, शंकर पासवान, राजनगर अध्यक्ष, महिला सेल अध्यक्षा सह प्रदेश सचिव पिंकी कुमारी के कहा कि सम्मेलन में जिले से अधिक से अधिक महिलाएं की भागेदारी सुनिश्चित हो इस पर बल दिया।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

फडणवीस की पुलिस के सामने नहीं आना चाहते कुणाल कामरा

खटखटाया बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा

मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर

मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर कथित रूप से गद्दार टिप्पणी को लेकर विवादों में स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने अब बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पुलिस ने कामरा को अब तक तीन समन भेजे लेकिन वह अब तक पुलिस के सामने पेश नहीं हुए है। अब कामरा इस मामले को लेकर हाई कोर्ट पहुंच गए है। कुणाल कामरा ने बंबई उच्च न्यायालय से मुंबई पुलिस के द्वारा दर्ज की गई एफआईआर को रद्द करने की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार कामरा ने 5 अप्रैल को एफआईआर रद्द करने की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर संविधान से उन्हें मिले मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। इस मामले में जस्टिस सारंग वी. कोतवाल और जस्टिस श्रीराम एम. मोदक की बेंच 21 अप्रैल को सुनवाई करेगी। मामले में तीसरी बार समन भेजे जाने के बावजूद कुणाल कामरा शनिवार को फिर से मुंबई पुलिस के सामने पेश नहीं हुए। 24 मार्च को पुलिस ने शिवसेना विधायक मुरुगन पटेल की शिकायत के बाद कामरा के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। बाद में पुलिस ने जीरो एफआईआर को खार पुलिस को ट्रांसफर कर दिया।

मद्रास हाई कोर्ट ने दी थी अग्रिम जमानत

पिछले महीने मद्रास हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के खिलाफ कथित टिप्पणी को लेकर मुंबई में दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में कुणाल कामरा को 7 अप्रैल तक अंतरिम अग्रिम जमानत दे दी थी। कामरा ने मद्रास उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा था कि वह उत्तरी तमिलनाडु के एक जिले का स्थायी निवासी है और उसे डर है कि अगर वह महाराष्ट्र आया तो उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया जाएगा और कोई उस पर हमला कर सकता है।

कुणाल कामरा ने कहा था कि उनके खिलाफ की गई शिकायत राजनीति से प्रेरित थी।

वीडियो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बयान दर्ज करने की मांग

इस बीच, कुणाल कामरा ने बंबई उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर खार पुलिस से उनका बयान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दर्ज किए जाने की मांग की है। वहीं, खार पुलिस ने अभी तक कुणाल के इस अनुरोध का कोई जवाब नहीं दिया है।

श्री राम नवमी के उपलक्ष्य में निकाली गई शोभा यात्रा

मुंबई हलचल/संवाददाता

दिवा। धडाकेबाज युवा प्रतिष्ठान महाराष्ट्र राज्य द्वारा दिवा शहर में श्री रामनवमी के उपलक्ष्य में बाईक रैली के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पुलिस का बंदोबस्त रहा। दिवा पूर्व शिव साई महादेव मंदिर श्लोक नगर फेस 2, से होते हुए मुंब्रा देवी कालोनी, दिवा स्टेशन रोड, छत्रपति शिवाजी महाराज चौक, दिवा आगासन रोड, ग्लोबल स्कूल से वापस सदाशिव दलवी नगर में समापन किया गया। इस अवसर पर सड़कें श्रीराम के जयकारों से गूंज उठीं। जगह-जगह पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। कड़ी धूप के बावजूद भक्त जन शोभायात्रा में भगवान श्री राम,लक्ष्मण,हनुमानजी, और माता सीता के पात्र छोटे बच्चों ने सभी का आकर्षण

बने थे।भगवान राम के भजन गुनगुनाते हुए और नाचते गाते हुए आगे बढ़ते चले। राम नवमी के महोत्सव मे धडाकेबाज युवा प्रतिष्ठान के संस्थापक अध्यक्ष अमोल धनराज केंद्रे,उपाध्यक्ष रामपाल मौर्य, कार्याध्यक्ष अभय दुबे, सचिव सौ अश्विनी अमोल केंद्रे, उप सचिव राजू भाई गुप्ता, दिवा शहर उपाध्यक्ष विजय यादव, उपाध्यक्ष विनोद कदम,कार्याध्यक्ष नितीन आवाडे, विनोद गिरी, मनोज गिरी,अनिल मौर्या, कमल गुप्ता, राजेश मौर्या, विद्या जैस्वाल, कविता बामणे, गीता पाणीग्रही, राधिका गुप्ता, माधुरी शर्मा, प्रदीप गुप्ता, कोंडीबा केंद्रे, महेंद्र घडशी, कृष्णा जाधव, रणजीत मौर्य, जीतू प्रजापति,सोनू बैद, अंगेश चौधरी, बाबू मोरे, आशिष पांडे, शंकर कांबळे, पंचम गुप्ता, कुशाल पांडे, आदित्य भारती, आशुतोष पाडी, विकास सिंग, चिराग भारद्वाज, संदीप भारद्वाज, हरिओम यादव, सहित आदि लोग मौजूद थे।श्री राम जी के भक्त बडी संख्या मे उपस्थित थे। सभी भक्तो का,मुंब्रा पोलिस प्रशासन का धडाकेबाज युवा प्रतिष्ठान के संस्थापक अध्यक्ष अमोल केन्द्रे ने आभार प्रकट किया।

बीपी शर्मा बने भारतीय मीडिया फाउंडेशन के प्रदेश प्रवक्ता

मुंबई हलचल/संवाददाता

सामाजिक कार्यकर्ता बीपी शर्मा जी का समाज के प्रति कार्य को देखते हुए भारतीय मीडिया फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष एके बिंदुसार ने बीपी शर्मा को भारतीय मीडिया फाउंडेशन का महाराष्ट्र प्रदेस का प्रवक्ता पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति मीडिया के राष्ट्रीय महासचिव अशोक चौबे के सिफारिश पर की गई है बीपी शर्मा ने सभी का दिल से आभार व्यक्त किया है शर्मा ने कहा मुझे जो भी जबावदारी मिली है मैं उसे अपना कर्तव्य समझ कर पूरी निष्ठा ईमानदारी से निर्वहन करूंगा। पत्रकारों एवं सामाजिक कार्यकर्ता के ऊपर हो रहे हमले को गंभीरता से लिया है जनता के हित में जो भी सामाजिक कार्य होगा मैं उसे निभाने का वचन देता हूं। देश हित में जो भी मेरे समझ में आयेगा संविधान को आगे रखकर पूरी तरह से तत्पर रहते हुए सभी मिलकर संगठन को आगे

बढ़ाने का कार्य करूंगा बीपी शर्मा को प्रवक्ता बनाये जाने पर महाराष्ट्र प्रभारी राजेंद्र वाघ, मीडिया के राष्ट्रीय महासचिव अशोक चौबे, थाने जिला अध्यक्ष ज्योति गिरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद दुबे, पूर्व पुलिस निरीक्षक गुरुना नाथ गिरी, राज्य के महासचिव आशाराम गिरी, उपाध्यक्ष सुनील, थाने जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, ब्राम्हण जनजागरण संस्था के अध्यक्ष अनिल शुक्ला, समाजसेवी कमलेश शुक्ला, समाजसेवी वेदप्रकाश तिवारी, पंडित संजय मिश्रा, विनोद. मिश्र रमेश उपाध्याय, समाजसेवी सतीश यादव समाजसेवी संजय अहिर, लालचंद सरोज, आर आर यादव, गोविंद पटेल सहित तमाम लोगो ने बधाई दी है।

परवेज शेख को क्राईम एंड करप्शन कंट्रोल एसोशिएशन का मुंबई वाईस प्रेसिडेंट बनाए जाने पर लोगों ने दी मुबारकबादी

मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर

मुंबई। अंधेरी वेस्ट डोंगर इलाके में क्राईम एंड करप्शन कंट्रोल एसोशिएशन की शाखा के उद्घाटन के अवसर पर अंधेरी शाखा अध्यक्ष परवेज शैख को महाराष्ट्र बीजेपी महाराष्ट्र माइनोरिटी सेल सेक्रेटरी और क्राईम एंड करप्शन कंट्रोल एसोशिएशन के नैशनल वाईस प्रेसिडेंट रिजवान सैय्यद, क्राईम एंड करप्शन कंट्रोल एसोशिएशन नैशनल चिप, दिनेश गुप्ता, द्वारा क्राईम एंड करप्शन कंट्रोल एसोशिएशन का मुंबई वाईस प्रेसिडेंट बनाया गया। और उनके हाथों से परवेज शैख को आई डी कार्ड और लेटर दिया गया जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने परवेज शैख को गुलदस्ता देकर मुबारकबादी दी। हमारे पत्रकार शोएब म्यानुंर ने भी परवेज शैख गुलदस्ता देकर मुबारकबादी दी। साथ ही साथ लियाकत शैख, फैजाली, इरफान, युनुस, शोएब, फैज, गफ्फार, जावेद, जुबैर, जूनेद, हैदर, ने भी परवेज शैख को मुबारकबादी दी।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

अभिनेता एजाज खान की पत्नी फॉलन गुलीवाला को मिली जमानत

एजाज खान की पत्नी पर झूठे आरोप लगाए गए थे, जिसके चलते उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। घर की सीसीटीवी फुटेज बंद होने के कारण मामले की सही तरीके से जांच करना मुश्किल हो गया था। लेकिन अब कोर्ट ने इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एक्टर एजाज खान की पत्नी फॉलन गुलीवाला की जमानत मंजूर कर दी है। एक्टर खान ने अपनी पत्नी के साथ खड़े होकर कहा कि उन्हें पूरा यकीन था कि सत्य जल्द सामने आएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह घटना यह सिखाती है कि किसी भी स्थिति में झूठे आरोपों का सामना करना और गलतफहमियों को फैलाना गलत है। एजाज खान ने कहा कि 'क्या सच बोलना गुनाह है? अब मेरे बाद मेरे परिवार को निशाना बनाया जा रहा है। प्रशासन क्या चाहता है? क्या वह किसी दबाव में है? मुझे सच बोलने की सजा नहीं मिली बल्कि हमेशा झूठे मामलों में फंसाया गया। अगर सच बोलने की यही सजा है तो क्या हमें हर बार अन्याय सहना होगा?' गुलीवाला के वकील अयाज खान ने दलील दी कि उन्हें परिसर से बरामद वस्तुओं के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने अदालत को बताया, उस परिसर में कई परिवार के सदस्य संयुक्त रूप से रह रहे हैं। उस पर उनका कोई विशेष अधिकार नहीं था।

चुनाव लडेंगे संजय राउत!

शिवसेना कार्यालय में शिवसेना कार्यकताओं और पदाधिकारियों को संजय राउत मार्गदर्शन दे रहे थे। उपनेता सुधाकर बडगूजर, सुनील बागुल, सांसद राजाभाऊ वाजे, जिला प्रमुख डी.जी. सूर्यवंशी, महानगर महापौर विलास शिंदे, वसंत गिते, अनिल कदम, दत्ता गायकवाड, अद्वय हिरे, अशोक धात्रक, विनायक पांडे, मामा राजवाड़े, जयंत दिंडे आदि इस बैठक में उपस्थित थे। संजय राउत ने आगे कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान लोगों को उम्मीद थी कि नासिक जिले की सीटों पर शिवसेना और अघाड़ी के उम्मीदवार जीतेंगे। इस प्रकार, जिले में सीटों के लिए दौड़ शुरू हो गई। सुधाकर बडगुजर और वसंत गीते ए प्लस श्रेणी में रहे। उनका काम अच्छा था लेकिन कुछ कारण थे जिनकी वजह से वे सफल नहीं हुए, लेकिन अब उन्हें इससे बाहर निकलना होगा। हमें पुनर्निर्माण करना होगा। क्योंकि नेता अपना समय बर्बाद करते हैं, शिवसैनिक कभी अपना समय बर्बाद नहीं करते। आपका वोट चुरा लिया गया है। आप भ्रम पैदा करने के लिए काम कर रहे हैं। इसलिए राउत ने यह भी कहा कि अब सावधान रहने का समय आ गया है। यद्यपि भारतीय जनता पार्टी गरीबों की हिमायती के रूप में प्रचार करती है, परंतु भाजपा कभी भी गरीबों की हिमायती नहीं रही है। यह पार्टी केवल पैसे के लिए काम करती है। वे पैसे के आधार पर चुने गए थे। राज ठाकरे आज जो आंदोलन चला रहे हैं, उसकी शुरूआत बालासाहेब ने की थी। राउत ने यह भी कहा कि उस समय हमने चौकीदार को नहीं, बल्कि चेयरमैन को मारा था, यही कारण है कि आज एयर इंडिया में जय महाराष्ट्र की आवाज गूंज रही है। 16 अप्रैल को होने वाली शिवसेना की रैली भविष्य के राजनीतिक करियर के लिए महत्वपूर्ण है।

खबर संक्षेप

हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त पायलट की मौत

सियोल। दक्षिण-पूर्वी दक्षिण कोरिया से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां रविवार को जंगल में लगी आग बुझाने के दौरान दौरान एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें हेलीकॉप्टर के पायलट की मौत हो गई। यह हेलीकॉप्टर जंगल की आग बुझाने के लिए उड़ान भर रहा था। स्थानीय अग्निशमन कार्यालय के अनुसार, यह दुर्घटना डेगू शहर की पहाड़ी पर लगी आग को बुझाने के दौरान हुई। बता दें कि यह हादसा ऐसे समय में हुआ है जब पिछले महीने दक्षिण कोरिया के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्रों में अब तक की सबसे भीषण जंगल की आग लगी थी।

ब्रिटेन में आर्टिस्ट सुदर्शन पुरस्कार से सम्मानित

लंदन। विश्व प्रसिद्ध सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक को इस क्षेत्र में उनके योगदान के लिए फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। शनिवार को दक्षिणी इंग्लैंड के डोरसेट काउंटी के वेमाउथ में शुरू हुए सैंडवर्ल्ड 2025 अंतर्राष्ट्रीय रेत कला महोत्सव के दौरान पटनायक ने एक और मील का पत्थर स्थापित किया जब उन्होंने भगवान गणेश की 10 फीट ऊंची रेत की मूर्ति बनाई, जिस पर विश्व शांति का संदेश था। क्योंकि वर्ष 2025 में प्रसिद्ध ब्रिटिश रेत मूर्तिकार फ्रेड डारिंगटन की शताब्दी मनाई जाएगी।

उपराज्यपाल ने एक साक्षात्कार में कहा

पाक की जनता में अविश्वास चरम पर, पीओके को मिलाना केंद्र सरकार का काम: एलजी सिन्हा

मुंबई हलचल / जम्मू

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पीओके को मिलाने का फैसला भारत सरकार पर छोड़ दिया, पाकिस्तान की अंदरूनी स्थिति पर चिंता जताई और जम्मू कश्मीर में शांति, विकास और आतंकवाद पर नियंत्रण की दिशा में विश्वास व्यक्त किया।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि पाकिस्तान की जनता में अविश्वास का माहौल अपने चरम पर है। रही बात पीओके कि तो उसे देश में मिलाने का फैसला भारत सरकार को करना है। उपराज्यपाल ने एक चैनल को दिए साक्षात्कार में शुक्रवार को ये बातें कहीं। तबादलों पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की तरफ से प्रतिक्रिया को लेकर कहा कि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों को सोच समझकर बोलना चाहिए।

उपराज्यपाल ने कहा कि पाकिस्तान की जनता में अविश्वास का माहौल बना हुआ है। दूसरी तरफ यहां पीओके है, वहां पर जनता जब हमको देखती है तो कहती है कि जो हिस्सा मोदी के पास है वहां पर सड़कें हैं, अस्पताल हैं और डाक्टर हैं। जबकि यहां हमारे यहां गेहूं व आटे के लिए लाइन लग रही है। उपराज्यपाल ने कहा कि पाकिस्तान एक विफल राज्य है। पाकिस्तान कई समस्याओं चाहे बलूच का हो या पड़ोस का मसला हो, इससे जूझ रहा है।

सही समय पर मिलेगा पूर्ण राज्य का दर्जा

पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर बयान मे उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि पूर्व में भी प्रधानमंत्री व गृहमंत्री इसको लेकर स्पष्ट कर चुके हैं कि सही समय आने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। विधानसभा चुनाव के दौरान जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कश्मीर आए थे तब भी यही बात उन्होंने कही थी। इसमें किसी प्रकार का संदेह नहीं होना चाहिए। लोगों को इंतजार करना चाहिए।

जम्मू-कश्मीर में शांति है, इसके लिए किसी सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं

उन्होंने जम्मू कश्मीर को लेकर कहा कि यहां पर शांति है इसके लिए किसी के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। आम आदमी यहां शांति महसूस कर रहा है। जो लोग देश के अन्य भागों से यहां कश्मीर आ रहे हैं, उन्हें मैं खांस एंबेसडर मानता हूं। इसीलिए कश्मीर में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है।

अब तो आतंकवादी तंजीमों का कोई कमांडर नहीं बचा

जम्मू कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों को लेकर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि जब वह सात अगस्त 2019 को यहां आए थे, तब से लेकर अब तक काफी कुछ बदल चुका है। यहां पर शांति,समृद्धि व विकास की बात हो रही है।

जज्बा: रिटायर सैनिकों ने कहा हम भी आतंकियों से लड़ेंगे

जम्मू। जिले के सीमावर्ती गांवों के सेना से सेवानिवृत्त अधिकारियों और जवानों ने सरकार से गुहार लगाई है कि यदि उन्हें हथियार मुहैया कराए जाएं तो वे आतंकवादियों से लड़ने के लिए तैयार हैं। सेवानिवृत्त कैप्टन बज सिंह, देवेंद्र सिंह, जगदीश राज और कुलदीप राज ने बताया कि पाकिस्तानी सेना की ओर से देश विरोधी तत्वों को जम्मू-कश्मीर में अशांति फैलाने के लिए भारत-पाक सीमा से घुसपैठ कराई जा रही है। उन्होंने कहा, जब भी हमें सूचना मिलती है कि मुठभेड़ में सेना के अधिकारी और जवान शहीद हो रहे हैं, हमारा खून खौल उठता है। सेवानिवृत्त सैनिकों ने बताया कि पहले ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की ओर से लोगों को हथियार दिए जाते थे और फायरिंग का प्रशिक्षण दिया जाता था। लोग अपने-अपने गांवों की सुरक्षा करते थे। जब आतंकवादी घटनाएं बढ़ने लगीं तो पुलिस ने ग्राम सुरक्षा समितियां बनाई थीं। प्रत्येक गांव में पांच सदस्यों की समिति बनाकर उन्हें पुलिस के साथ रात्रि पहरेदारी का जिम्मा सौंपा गया था। उनके काम को देखते हुए उन्हें मानदेय भी दिया जाता था और समय-समय पर फायरिंग प्रशिक्षण दिया जाता था। सेवानिवृत्त सैनिकों ने मांग की कि केंद्र

सरकार की ओर से बनाए गए ग्रामीण सुरक्षा गार्ड की तर्ज पर उन्हें भी हथियारों के लाइसेंस दिए जाएं ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने बताया कि सेना के जवान पहले से ही प्रशिक्षित होते हैं। जिन लोगों ने हथियार के लाइसेंस रिन्यू करने के लिए दिए हैं, उन्हें रिन्यू किया जा रहा है। अभी नए लाइसेंस नहीं बन रहे हैं।

आतंकियों ने परिवार को बाई घंटे बनाया बंधक, खाना खाया, मोबाइल छीनकर भागे

उधमपुर। मजालता के गांव चौड पांजिया के खबल में दो संदिग्धों ने घर में घुसकर परिवार को करीब ढाई घंटे बंधक बनाए रखा। खाना खाने के बाद संदिग्ध परिवार से मोबाइल छीनकर भाग गए। सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। परिवार को बंधक बना लिया। खाना खाया और करीब ढाई घंटे बाद रात ढाई बजे मोबाइल लेकर चले गए।

द्विपक्षीय संबंधों में दिखी नई मजबूती

पीएम मोदी की श्रीलंका यात्रा के दौरान 14 भारतीय मछुआरों को रिहा किया

◆ 119 भारतीय मछुआरे और 16 मछली पकड़ने वाली नौकाएं जब्त की थी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की श्रीलंका यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली, जब रविवार को श्रीलंका सरकार ने 14 भारतीय मछुआरों को रिहा किया।

यह कदम प्रधानमंत्री मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के बीच शनिवार को हुई वार्ता के बाद सामने आया।

श्रीलंका मित्र विभूषण से सम्मानित: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को श्रीलंका की ओर से उच्च नागरिक सम्मान 'श्रीलंका मित्र विभूषण' से भी नवाजा गया।

मछुआरे अक्सर गिरफ्तारी के शिकार होते हैं

भारतीय मछुआरों, विशेष रूप से तमिलनाडु से संबंधित, को श्रीलंकाई जल सीमा में कथित रूप से मछली पकड़ने के आरोप में अक्सर गिरफ्तार किया जाता रहा है। 2025 की शुरुआत से अब तक, श्रीलंकाई बलों द्वारा 119 भारतीय मछुआरे और 16 मछली पकड़ने वाली नौकाएं जब्त की गई हैं। इससे तटीय समुदायों में चिंता बढ़ी है और भारत सरकार से हस्तक्षेप की मांग की जाती रही है।

विकास परियोजनाओं का संयुक्त उद्घाटन

प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया गया, जिनमें भारत समर्थित रेल परियोजनाएं प्रमुख हैं। इनमें अपग्रेड की गई महो-ओमंथई रेलवे लाइन और महो-अनुराधापुरा सेगमेंट के लिए नया सिग्नलिंग सिस्टम शामिल हैं।

जीरकपुर के सेठी ढाबे में हुआ बवाल

शाकाहार भोजन में निकली मुर्गे की हड्डियां, माफी मांगी

मुंबई हलचल / चंदीगढ

पंजाब के मोहाली के जीरकपुर में एक ढाबे में परिवार के लोग ढाबे पर शाकाहारी खाना खाने गए थे, लेकिन उनके खाने में चिकन भी परोस दिया गया। घटना के बाद ढाबे में बवाल हो गया। हालांकि ढाबा संचालक ने अपनी गलती मानते हुए लोगों से माफी भी मांगी है। घटना चंडीगढ़-अंबाला हाईवे पर स्थित मशहूर सेठी ढाबा की है। शनिवार रात को जीरकपुर के मशहूर सेठी ढाबा में हुई घटना के बाद परिवार के लोगों ने ऐतराज जताया है। शनिवार को हिंदू मान्यताओं के अनुसार अष्टमी के शुभ अवसर पर जीरकपुर के एक परिवार के लोग ढाबे में खाना खाने गए थे। महिला अमरदीप और कनिका ने बताया कि नवरात्र व्रत खोलने और सोशल मीडिया पर प्रसिद्ध सेठी ढाबा में कुछ स्वादिष्ट खाना खाने के लिए आए थे।

बेगूसराय में युवाओं को बुलाया

सांसद राहुल गांधी ने शुरु की सफेद टी-शर्ट की नई मुहिम

मुंबई हलचल / पटना

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी बिहार दौरे पर आ रहे हैं। राहुल गांधी बिहार के बेगूसराय जिले में कांग्रेस की पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा में शामिल होंगे। बिहार दौरे से पहले राहुल गांधी ने एक नई मुहिम भी छेड़ दी है। राहुल गांधी ने युवाओं से अपील की है कि वो सफेद टी-शर्ट पहन कर बेगूसराय में आएं। राहुल गांधी ने अपने एक्स हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट कर युवाओं से यह अपील की है। इस वीडियो में राहुल गांधी सफेद टी-शर्ट में नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को पोस्ट करते हुए राहुल गांधी ने लिखा, बिहार के युवा साथियों, मैं 7 अप्रैल को बेगूसराय आ रहा हूं, पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा में आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने। लक्ष्य है कि पूरी दुनिया को बिहार के युवाओं की भावना दिखे।

मुद्रास्फीति में कमी से बैंक के पास ब्याज दर में कटौती की गुंजाइश

रिजर्व बैंक रेपो दर में कर सकता है 0.25 प्रतिशत की एक और कटौती

मुंबई हलचल / मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस सप्ताह अपनी मौद्रिक समीक्षा बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में एक बार फिर से 0.25 प्रतिशत तक की कटौती कर सकता है। मुद्रास्फीति में कमी से केंद्रीय बैंक के पास ब्याज दर में कटौती की गुंजाइश है। अमेरिका की तरफ से जवाबी सीमा शुल्क लगाने की घोषणा के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियां पैदा हो गई हैं।

ऐसे में घरेलू मोर्चे पर भी आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहन देने की जरूरत महसूस की जा रही है।

फरवरी में गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने रेपो दर को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया था। यह मई, 2020 के बाद रेपो दर में पहली कटौती और ढाई साल के बाद पहला संशोधन था।

मौद्रिक समीक्षा बैठक में 9 अप्रैल को होगी घोषणा

रेपो दर में कटौती संभव: सबनवीस

सबनवीस ने कहा कि अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्क से वृद्धि की संभावनाओं और मुद्रा पर कुछ प्रभाव पड़ेगा, जिस पर एमपीसी को अर्थव्यवस्था की स्थिति के सामान्य आकलन से परे विचार करना होगा। सबनवीस ने कहा, हालांकि लगता है कि मुद्रास्फीति की संभावनाएं नरम होने और तरलता के स्थिर होने के साथ इस बार रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती हो सकती है।

सीआरआर में कटौती की उम्मीद: इक्रा

इक्रा ने कहा, "हमें एमपीसी बैठक में नकद आरक्षित अनुपात में कटौती जैसी किसी बड़ी घोषणा की उम्मीद नहीं है।" इस बीच, उद्योग मंडल एसोचैम ने सुझाव दिया है कि एमपीसी को आगामी मौद्रिक नीति में मौजूदा स्थिति में दर में कटौती करने के बजाय 'देखो और इंतजार करो' का रुख अपनाना चाहिए।

कोविड के समय रेपो दर में हुई थी कमी

पिछली बार आरबीआई ने कोविड के समय (मई, 2020) रेपो दर में कमी की थी और उसके बाद इसे धीरे-धीरे बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया था। बैंक ऑफ बड़ौदा (बॉब) के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि इस सप्ताह घोषित की जाने वाली नीति ऐसे समय में आएगी जब पूरी दुनिया और अर्थव्यवस्था के भीतर कई चीजें घटित हो रही हैं।

एमपीसी की 54वीं बैठक 7 अप्रैल से

एमपीसी की 54वीं बैठक सात अप्रैल से शुरू होगी। बैठक के नतीजों की घोषणा नौ अप्रैल को की जाएगी। आरबीआई गवर्नर के अलावा एमपीसी में केंद्रीय बैंक के दो वरिष्ठ अधिकारी और सरकार द्वारा नियुक्त तीन लोग होते हैं।

बैंक रुख को और उदार बना सकता है

यह भी उम्मीद है कि केंद्रीय बैंक अपने रुख को अधिक उदार करेगा, जिसका अर्थ होगा कि इस साल के दौरान दरों में और कटौती होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो अप्रैल को भारत और चीन सहित लगभग 60 देशों पर 11 से लेकर 49 प्रतिशत तक का जवाबी शुल्क लगाया है।

भारत के निर्यात में कई देश प्रतिस्पर्धी

भारत के लिए चुनौतियां और अवसर दोनों हैं क्योंकि निर्यात में उसके कई प्रतिस्पर्धी देश जैसे चीन, वियतनाम, बांग्लादेश, कंबोडिया और थाइलैंड ऊंचे शुल्क का सामना कर रहे हैं। रेटिंग एजेंसी इक्रा को भी उम्मीद है कि एमपीसी अपनी आगामी बैठक में तटस्थ रुख बनाए रखते हुए रेपो दर में चौथाई प्रतिशत की कटौती करेगी।

राष्ट्रपति की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

ट्रंप और एलन मस्क के खिलाफ फूटा लोगों का गुस्सा! 1200 जगहों पर रैलिया निकालीं

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

संयुक्त राज्य अमेरिका में शनिवार को विपक्षी आंदोलन का अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन देखने को मिला। अमेरिका में हजारों की संख्या में गुस्साए लोगों की भीड़ ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के देश के चलाने के तरीके और उनकी नीतियों के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन किया। अमेरिका के 50 राज्यों में 1200 से ज्यादा स्थानों पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क की अमेरिका के लिए नीतियों के विरोध में तथाकथित 'हैंड्स ऑफ' प्रदर्शन किया गया।

पर्शिंग स्क्वार के लेकर सिटी हॉल तक निकाली गईं रैलियां

वेस्ट कोस्ट पर सिएटल के विख्यात स्पेस नीडल के अंतर्गत हजारों प्रदर्शनकारियों ने फाइट फॉर ऑलिगार्की लिखी तख्तियां लीं हुई थीं। पोर्टलैंड, ओरेगन और लॉस एंजिलिस में भी हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरकर ट्रंप सरकार के विरोध में नारे लगाए।

ट्रंप और मस्क के खिलाफ लोगों ने लगाए नारे

मिडटाउन मैनहैटेन से लेकर एंकोरेज, अलास्का तक कई राज्य की राजधानियों में हजारों की संख्या में लोगों ने ट्रंप और मस्क के खिलाफ नारे लगाए, रैलिया निकालीं।

अब तक एक लाख 60 हजार लोगों की पहचान हुई

अब खैबर पख्तूनख्वा में हुआ अफगान नागरिकों का सर्वेक्षण

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा की प्रांतीय सरकार ने अफगानों को वापस उनके देश भेजने की सरकार की नीति के अनुसार अफगान नागरिकों की पहचान और उनका पता लगा लगाने की प्रक्रिया शुरू की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

खैबर पख्तूख्वा प्रांत की राजधानी पेशावर में 1978 से हजारों अफगानी रह रहे हैं। उसी वर्ष रूस ने पड़ोसी अफगानिस्तान पर आक्रमण किया था, जिसके कारण बड़ी संख्या में शरणार्थी पाकिस्तान में आ गए थे।

आंकड़े एकत्र करने के लिए पुलिस तैनात

खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने अफगानों के ठिकानों का पता लगाने और उनके बारे में आंकड़े एकत्र करने के लिए पुलिस को तैनात किया है। जिला प्रशासन ने यहां अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारक एक लाख 60 हजार लोगों की पहचान की है, जिन्हें वापस भेजा जाना है। पुलिस का कहना है कि पेशावर में रह रहे अफगानों और अन्य विदेशी नागरिकों के बारे में जानकारियां जुटाने का काम चल रहा है।

म्यांमार: भूकंप पीड़ितों के लिए 405 टन चावल लेकर पहुंचा नौसेना का जहाज

नाएप्यीडॉ। भूकंप से प्रभावित म्यांमार की सहायता के लिए भारत सरकार का 'ऑपरेशन ब्रह्मा' जारी है। भारतीय नौसेना ने 405 टन चावल सहित 442 टन राहत सामग्री की एक नई खेप लेकर नौसेना का जहाज रविवार को म्यांमार के शहर यांगून पहुंचा। यह राहत सामग्री भारत के राजदूत अभय ठाकुर ने यांगून क्षेत्र के मुख्यमंत्री यू सोई थीन को सौंपी।

कंपनी ने विभिन्न मामलों में फेमा के नियमों का किया उल्लंघन

आरबीआई दिशानिर्देशों के उल्लंघन को लेकर ईडी ने पेटीएम को दिया 611 करोड़ का नोटिस

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने विभिन्न मामलों में फेमा के नियमों के 'उल्लंघन' के लिए पेटीएम की मूल कंपनी, उसके प्रबंध निदेशक और उससे जुड़ी इकाइयों को 611 करोड़ रुपये का कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

कंपनी से जुड़ी इकाइयों को कारण बताओ नोटिस दिया गया

पेटीएम की 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी के संस्थापक विजय शेखर शर्मा, इसके चेयरमैन, प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी हैं। यह नोटिस न्यायिक कार्यवाही शुरू होने से पहले जांच एजेंसी के एक विशेष निदेशक ने जारी किया है।

कंपनी ने विभिन्न मामलों में फेमा के नियमों का किया उल्लंघन

611 करोड़ रुपए का नोटिस

पेटीएम के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी कानून और नियामकीय प्रक्रियाओं के अनुसार मामले के समाधान के लिए काम कर रही है। प्रवर्तन निदेशालय ने बयान में कहा कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए पेटीएम की प्रमुख कंपनी वन97 कम्युनिकेशन लि. (ओसीएल), इसके प्रबंध निदेशक और लिटिल इंटरनेट प्राइवेट लि. और नियरबाय इंडिया प्राइवेट लि. जैसी पेटीएम की अन्य अनुषंगी कंपनियों को लगभग 611 करोड़ रुपये का कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

मिली एफडीआई की जानकारी नहीं दी

ईडी ने कहा कि वन97 कम्युनिकेशन की भारत में अनुषंगी लिटिल इंडिया प्राइवेट लि. को विदेशों से एफडीआई मिला। लेकिन इसके लिए आरबीआई के कीमत निर्धारण दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया गया। अन्य अनुषंगी कंपनी... नियरबाय इंडिया प्राइवेट लि. ने आरबीआई की समयसीमा के भीतर कंपनी द्वारा प्राप्त एफडीआई के बारे में जानकारी नहीं दी।

कंपनी ने एफडीआई प्राप्त किया

जांच में पाया गया कि वन 97 कम्युनिकेशन लि. ने सिंगापुर में विदेशी निवेश किया और अनुषंगी की वैश्विक अनुषंगी के गठन के बारे में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को आवश्यक सूचना नहीं दी। इसमें आरोप लगाया गया कि वन97 कम्युनिकेशन ने आरबीआई के निर्धारित उचित मूल्य निर्धारण दिशानिर्देशों का 'पालन किये बिना' विदेशी निवेशकों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) भी प्राप्त किया था।

दोनों कंपनियां उसकी अनुषंगी नहीं

पेटीएम ने पिछले शनिवार (एक मार्च) को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा था कि उसे कंपनी और उसकी दो अनुषंगी कंपनियों... लिटिल इंटरनेट और नियरबाय... के कुछ निवेश लेनदेन के संबंध में फेमा नियमों के कथित उल्लंघन के लिए ईडी से नोटिस मिला है। बाद में, पेटीएम ने स्पष्ट किया कि कथित उल्लंघन उस अवधि से संबंधित है जब दोनों कंपनियां उसकी अनुषंगी कंपनियां नहीं थीं। इसने 2017 में दोनों कंपनियों का अधिग्रहण किया था।

कंपनी ने लेनदेन किया सूचीबद्ध

कंपनी के अनुसार, कथित उल्लंघन में वन97 कम्युनिकेशन के 245 करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन, लिटिल इंटरनेट (एलआईपीएल) के लगभग 345 करोड़ रुपये और नियरबाय इंडिया (एनआईपीएल) के लगभग 21 करोड़ रुपये के लेनदेन को सूचीबद्ध किया गया है। इसमें कहा गया, ''कथित उल्लंघन वन97 कम्युनिकेशन , एलआईपीएल और एनआईपीएल से संबंधित कुछ निवेश लेनदेन से जुड़े हैं।''

चुनाव आयोग ने मानी वोटिंग लिस्ट में गड़बड़ी की बात, ममता के आगे किया सरेंडर!

कोलकाता। बंगाल में दो अलग-अलग राज्यों के वोटरों के एक समान वोटर कार्ड यानी एपिक नंबर वाले सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट के मामले में चुनाव आयोग ने सफाई देते हुए कहा कि इस तरह के कुछ मामले जरूर हो सकते हैं, लेकिन इसका मतलब यह कतई नहीं है कि आयोग का कहना है कि दो अलग-अलग राज्यों ने सेम एपिक नंबर इस्तेमाल कर लिए हैं। आयोग ने यह स्पष्ट किया कि वोटरों के नाम अलग-अलग हैं और मतदाता अपने उसी राज्य के पोलिंग बूथ पर वोट डाल सकेंगे, जहां की वोटर लिस्ट में उनका नाम जुड़ा होगा। इसमें कोई फर्जीवाड़ा नहीं है।

आयोग ने दी सफाई, एपिक नंबर एक जैसे

चुनाव आयोग ने कहा कि दो अलग-अलग राज्यों में दो वोटरों के एपिक नंबर एक समान हो सकते हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि इनमें से कोई भी मतदाता फर्जी है। हालांकि, भविष्य में इस तरह की समस्या न उत्पन्न हो, इसके लिए आयोग ने तुरंत कदम उठाते हुए इस पर काम करना शुरू कर दिया है। आयोग यह सुनिश्चित कर रहा है कि वह हर मतदाता को यूनीक वोटर कार्ड यानी एपिक नंबर जारी करेगा, ताकि इस तरह की कोई भी समस्या फिर से सामने न आए।

आयोग ने बताया, कैसे हुआ गड़बड़ी

आयोग ने बताया कि भले ही अलग-अलग राज्यों के कुछ वोटरों के एपिक नंबर एक समान हों, लेकिन उनके वोटर कार्ड में अन्य डिटेल्स जैसे विधानसभा क्षेत्र, पोलिंग बूथ, नाम और एड्रेस अलग-अलग होंगे। असल में, ऐसा इस कारण हुआ होगा कि दो राज्यों ने सेम एपिक नंबर वाली सीरीज इस्तेमाल कर ली थी, जिससे बंगाल और हरियाणा जैसे अलग-अलग राज्यों के कुछ मतदाताओं के वोटर कार्ड नंबर एक जैसे हो गए।

ममता ने लगाए थे आरोप

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर ''निर्वाचन आयोग की मदद" से मतदाता सूची में अन्य राज्यों के फर्जी मतदाताओं के नाम दर्ज करने का आरोप लगाया और दावा किया कि पार्टी ने दिल्ली और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए इसी तरह की रणनीति अपनाई थी। बनर्जी ने यहां तृणमूल कांग्रेस के सम्मेलन को संबोधित करते हुए ज्ञानेश कुमार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किए जाने पर भी सवाल उठाया और आरोप लगाया कि भाजपा संवैधानिक निकाय को ''प्रभावित करने की कोशिश" कर रही है। उन्होंने कहा, ''यह बिल्कुल स्पष्ट है कि भाजपा किस तरह निर्वाचन आयोग के सहयोग से मतदाता सूची में हेराफेरी कर रही है।"

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

सुबह उठते ही करेंगे ये 2 काम तो स्किन कभी नहीं होगी सांवली

सूर्य की हानिकारक विकिरणों, धूल- मिट्टी, प्रदूषण का बुरा असर सबसे पहले त्वचा पर पड़ता है। इसके कारण त्वचा जल्दी सावंली होने लगती है। त्वचा को प्रदूषण से बचाने और स्किन को साफ करने के लिए आप कई क्रीमों का इस्तेमाल करते तो हैं लेकिन उससे कोई खास फायदा नहीं होता है। इसकी बजाए अगर आप सुबह उठकर सिर्फ २ काम करेंगे तो कई स्किन प्रॉब्लम आपसे दूर रहेंगी और त्वचा सांवली भी नहीं होगी। इससे स्किन को कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होगा।

सुबह उठते ही करें ये काम

1. चेहरे को धोना : सुबह उठते ही सबसे पहले अपने चेहरे को ठंडे पानी से अच्छी तरह धो लें। सुबह चेहरे को अच्छी तरह धोने से धूल-मिट्टी और गंदगी साफ हो जाती है। इससे चेहरे पर निखार और चमक आती है। मगर इस बात का ध्यान रखें कि चेहरा धोने के लिए फेसवॉश और साबुन का इस्तेमाल न करें क्योंकि इसमें केमिक्ल होते हैं। यह न सिर्फ चेहरे को नुकसान पहुंचाते है बल्कि इससे स्किन रूखी भी होने लगती है। इसके अलावा इससे चेहरे की चमक भी चली जाती है।

2. ब्रेकफास्ट हल्का-फुल्का खाएं : सुबह के ब्रेकफास्ट में हल्का-फुल्का भोजन करें और मसालेदार भोजन से दूर रहें। मसालेदार भोजन से चेहरे पर दाग-धब्बे और कील-मुहांसे की समस्या हो जाती है। इसके अलावा इससे पेट में गैस, एसिडिटी और कब्ज की शिकायत रहती है, जिसका असर चेहरे पर भी होता है। सुबह के समय हमेशा दलिया, ओट्स, हरी सब्जियां और फलों का सेवन करे। इससे त्वचा पर निखार और चमक बनी रहेगी।

विटामिन और फाइबर का पावरहाउस हैं भिंडी और ये 6 सब्जियां

घर के बड़ेअक्सर बच्चों को सब्जी खाने की नसीयत देते हैं। वहीं, हरी सब्जियों को देखते ही बच्चों का मुंह बन जाता है। इस-ाके लिए वे कई तरह के बहाने भी बनाते हैं। सब्जियां विटामिन,खनिज पदार्थ और एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होती है। इनकी अनदेखी करने से शरीर में कई तरह की कमियां आने लगती हैं वहीं, प्रोटीन्स, फाइबर्स और मिनरल्स से भरपूर वेजीटेबल जवां और सेहतमंद रखने में मददगार हैं।

1. कद्दू - कद्दू का नाम सुनते लोग दूर भागते हैं लेकिन इसमें फोलिक एसिड, विटामिन सी,जिंक और मैगनीज भरपूर मात्रा में शामिल होते हैं। यह स्किन और हड्डियों के लिए बहुत लाभकारी है।

2. करेला - कड़वा करेला सेहत को लिए बहुत बढ़िया है। तेजी से वजन घटाना चाहते हैं तो करेले का सेवन करें। इससे डायबिटीज और कब्ज से भी राहत मिलती है।

3. बैंगन - फाइबर से भरपूर बैंगन कोलेस्ट्रॉल लेवल को घटाने का काम करता है। इसके अलावा ब्लड शूगर के मरीजों के लिए भी यह बहुत फायदेमंद है।

4. भिंडी - भिंड़ी में फाइबर की मात्रा भरपूर और सोडियम की मात्रा बहुत कम होती है। यह कैलोरी को कम करने में मददगार है। इसके अलावा ब्लड प्रैशर और दिल के मरीजो के लिए भी यह सब्जी बहुत लाभकारी है।

5. फूलगोभी - मैग्नीज, फॉस्फोरस, विटामिन बी कंपोनेंट्स से भरपूर फूलगोभी में कैलरी, प्रोटीन और विटामिन सी की भी बहुत अच्छी मात्रा होती है। इसे अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।

6. तरोई - हरी सब्जियो में तरोई को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह लिवर स्वस्थ,खून साफ, पाचन क्रिया बेहतर और किडनी के रोगों से राहत दिलाने का काम करती है।

7. फ्रेंच बीन्स - फ्रेंच बीन्स यानि फलियां विटामिन ए,सी बी आदि सहित कई खनिज पदार्थों से भरपूर होती हैं। यह वजन घटाने और पेट की समस्याओं के लिए बैस्ट है।

योग म्यूजिक सुनने से दिल रहेगा हमेशा स्वस्थ

सोने से पहले योगा म्यूजिक सुनना घातक दिल के दौरे को रोक सकता है। यह दावा एक नए शोध के आधार पर किया जा रहा है। इसके अनुसार सोने से पहले ध्यान केंद्रत करने वाला मधुर संगीत सुनने से दिल की धड़कन की परिवर्तनशीलता बेहतर होती है। इससे खतरे या विश्वाम की अवस्था में खून पम्प करने की अपनी गति बदलने का काम बेहतर ढंग से कर सकता है। इससे पिछले एक शोध से पता चला था कि दिल की धड़कन में परिवर्तनशीलता की कम क्षमता होने से दिल के दौरे या स्ट्रोक का जोखिम 45 प्रतिशत तक बढ़ जाता है, जिससे उनकी मौत होने की संभावना भी अधिक हो जाती है।

विज्ञान के अनुसार योगा के लाभ

➤ गत वर्ष अगस्त में हुए एक शोध के बाद पता चला है कि योगा सैंट्रल नर्वस सिस्टम को लाभ पहुंचाता है। रोगों से लड़ने की शक्ति को मजबूत करता है और ध्यान केंद्रण में भी मदद करता है।

➤ एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि इस प्राचीन आध्यात्मिक अभ्यास से चिंता तथा अवसाद भी कम हो जाता है। इसके साथ ही इससे व्यक्ति अधिक सजग रहता है।

➤ योगा तनाव से निपटने में मदद करने वाले विशेष प्रोटीन्स तथा हार्मोंस के स्तर को भी बढ़ाता है।

➤ स्वस्थ शरीर के लिहाज से योगा और ध्यान लगाने से शरीर में सूजन कम होती है। इससे सैंट्रल नर्वस सिस्टम तथा इम्यून सिस्टम बेहतर ढंग से काम कर पाते हैं।

➤ योगा म्यूजिक सुनने से व्यक्ति की धड़कन में भिन्नता बढ़ जाती है और इससे घबराहट कम होती है। इसके साथ ही इससे आप खुश भी रहते हैं।

ध्यान लगाने के लाभ

1. मैडीटेशन यानी ध्यान लगाने से तनाव कम होता है।

2. एक रिपोर्ट के मुताबिक, ध्यान लगाने से दिल की बीमारी का जोखिम पैदा करने वाले कारण खत्म होते हैं। खासकर इससे रक्तचाप, चिंता तथा अवसाद का स्तर कम हो जाता है।

3. यह लोगों को धूम्रपान छोड़ने में भी मदद कर सकता है, जिससे दिल का घातक दौरे का खतरा कम हो जाता है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

शिल्पा शेट्टी बन गई चीट डे क्वीन

बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी अक्सर अपनी फिटनेस को लेकर चर्चा में आ जाती है। ऐसे में ये रविवार शिल्पा शेट्टी के लिए काफी खास है। रविवार को शिल्पा शेट्टी के के लिए अपने पसंदीदा व्यंजनों का लुत्फ उठाने का एक बेहतरीन अवसर है। अभिनेत्री अपने प्रशंसकों को यह दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं कि वह वीकेंड पर अपने चीट डे का कितना आनंद लेती हैं। चीट डे क्वीन ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्हें पेस्ट्री, आइसक्रीम और अन्य कई तरह के मीठे व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए देखा जा सकता है। सफेद रंग के आरामदायक परिधान में सजी, वह इन व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए वाकई खुश दिख रही थीं। वीडियो के साथ, अभिनेत्री ने एक मजेदार कैप्शन भी जोड़ा, जिसमें लिखा था कि रविवार को कैलोरी की कोई गिनती नहीं होती। चीट डे क्वीन। शिल्पा ने हाल ही में डिजाइनर मोहम्मद माजा के लिए लैक्मे फैशन वीक में रैंप वॉक किया। काम की बात करें तो शिल्पा को आखिरी बार रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में देखा गया था। इस सीरीज में सिद्धार्थ मल्होत्रा और विवेक ओबेरॉय भी मुख्य भूमिकाओं में थे और इसका प्रीमियर इस साल की शुरूआत में अमेजन प्राइम वीडियो पर हुआ था।

'वो एकदम चुड़ैल की तरह हंसती है'

श्रद्धा कपूर बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चा में आ जाती हैं। वहीं उन्होंने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं, लेकिन स्त्री और स्त्री 2 के लिए उन्हें सबसे ज्यादा तारीफ मिली है और इस फिल्म से उन्होंने एक अलग पहचान बना ली है। ये दोनों ही फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थीं। इसी बीच हाल ही में स्त्री के डायरेक्टर अमर कौशिक ने श्रद्धा की फिल्म में कास्टिंग को लेकर बात की है। दरअसल, एक इंटरव्यू में अमर कौशिक ने श्रद्धा कपूर की कास्टिंग के पीछे की वजह बताई है। उन्होंने बातचीत के दौरान कहा कि श्रद्धा को फिल्म में कास्ट करने का पूरा आइडिया दिनेश विजन का था, जो श्रद्धा से एक फ्लाइट में मिले थे। उन्हें एक्ट्रेस की हंसी चुड़ैल जैसी लगी। इसके बाद प्रोड्यूसर ने उन्हें अपनी फिल्म में लेने का फैसला किया। अमर कौशिक ने पूरी बात याद करते हुए कहा कि श्रद्धा की कास्टिंग का पूरा का पूरा श्रेय दिनेश विजन को जाता है। वो श्रद्धा के साथ किसी फ्लाइट में आ रहे थे और फ्लाइट में वो उनको मिली थी। तो उन्होंने बोला कि अमर वो जब हंसती है ना त एकदम स्त्री की तरह, एकदम चुड़ैल की तरह हंसती हैं, सॉरी श्रद्धा। तो ऐसा कुछ बोला था उन्होंने। चुड़ैल बोला था या कुछ और, मैं श्योर नहीं हूं। तो मैं जब उन्हें मिला तो सबे पहले मैंने उनको बोला हंसो।

सिकंदर नहीं लिख सकी सलमान का मुकद्दर

सनी देओल की फिल्म जाट रिलीज होने से पहले सलमान खान की फिल्म सिकंदर क्या बॉक्स ऑफिस पर सरेंडर कर देगी? सिकंदर के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन का आंकड़ा कुछ इसी तरह की गवाही दे रहा है। सलमान खान की फिल्म ने जैसे तैसे 100 करोड़ की कमाई तो कर ली है। 8 दिन में फिल्म का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 102 करोड़ के आसपास रहा। लेकिन फिल्म अब भी अपने बजट से कोसों दूर है। फिल्म का बजट 200 करोड़ का है। 10 तारीख को फिल्म जाट रिलीज होने वाली है। फिल्म जाट की रिलीज होते ही सिकंदर बॉक्स ऑफिस पर धराशाई हो जाएगी, यह अंदाजा पहले से ही लगाया जा रहा था और अगर सच में ऐसा हुआ तो सिकंदर के लिए अपना बजट वसूल पाना भी बेहद मुश्किल साबित हो जाएगा और यह सलमान खान के करियर में एक और फ्लॉप फिल्म बन जाएगी। सलमान खान ने सिकंदर रिलीज होने से पहले एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान यह कहा था कि उनके फैंस उनकी फिल्मों को 200 पार करा ही देते हैं, फिल्म अगर 200 पार का ही ऑल टाइम कलेक्शन कर पाती है, तो भी यह फिल्म के बजट के बराबर ही होगा मतलब यह फ्लॉप फिल्म साबित हो जाएगी।